**Regarding Gramin roads**

श्री लक्ष्मीकान्त पप्पू निषाद **(**संत कबीर नगर**) :** माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद । मैं संत कबीर नगर लोक सभा क्षेत्र से आता हूं ।

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्यगण, आप सबकी अगर सहमति हो तो सभा की कार्यवाही 6 बजकर 15 मिनट तक बढ़ाई जाती है ।

अनेक माननीय सदस्य **:** ठीक है ।

श्री लक्ष्मीकान्त पप्पू निषाद **:** मेरे लोक सभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी की सरकार में सरयू नहर पर बहुत पहले एक पुल बना था । आज तक उस पुल पर लाइट नहीं है । पुल लम्बा होने के कारण यात्रियों को आने-जाने में असुविधा होती है, डर बना रहता है । वहां सुरक्षा की दृष्टि से कोई दीवार नहीं बनाई गई है । दर्जनों लोगों ने वहां कूदकर अपनी जानें दे दीं ।

मैं यह चाहता हूं कि हमारे लोक सभा क्षेत्र में जो आल्हापुर विधान सभा है, खजरी विधान सभा गोरखपुर में पड़ती है, सारी जगह ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कें टूट गई हैं । वहां कोई सड़क ठीक नहीं है, इसलिए उसकी मरम्मत कराने की कृपा करें ।